प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

24 जून 2021

भारतीय रिज़र्व बैंक ने म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों पर सर्वेक्षण प्रारंभ किया: 2020-2021 राउंड

रिज़र्व बैंक ने आज 'म्यूच्युअल फंड और आस्ति प्रबंधन कंपनियों की विदेशी देयताओं और आस्तियों' के वार्षिक सर्वेक्षण 2020-2021 राउंड प्रारंभ किया। इस सर्वेक्षण में म्यूचुअल फ़ंड कंपनियों और आस्ति प्रबंधन कंपनियों से नवीनतम वित्तीय वर्ष के मार्च के अंत में उनकी बाह्य वित्तीय देयताएँ और आस्तियों के संबंध में सूचनाएँ एकत्र की जाती हैं। सर्वेक्षण के समेकित परिणाम भारत के बाहरी क्षेत्र के आंकड़ों के संकलन के लिए उपयोग किए जाने के अलावा सार्वजनिक डोमेन में जारी किए जाते हैं।

आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसीएस) से अपेक्षित है कि वे विदेशी देयताओं और आस्तियों (एफ़एलए) से संबंधित वार्षिक विवरणी वेब-आधारित पोर्टल (https://flair.rbi.org.in) के माध्यम से 31 जुलाई 2021 तक ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

साथ ही, म्यूच्युअल फंड कंपनियों से अपेक्षित है कि वे सर्वेक्षण अनुसूची (अनुसूची-4), जो भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in > फॉर्म्स > सर्वे) पर उपलब्ध है, भरकर ई-मेल पर 31 जुलाई 2021 तक प्रस्तुत करें।

अनुसूची – 4 हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही फार्मेट में उपलब्ध है और रिपोर्टिंग कंपनियां उनमें से किसी का भी उपयोग कर सकती हैं। कृपया एफ़एक्यू के साथ निर्देश देखें और किसी भी प्रकार के प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित से संपर्क करें:

निदेशक,
अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति प्रभाग (आईआईपीडी),
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (डीएसआईएम),
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-9, 5वीं मंज़िल, बान्द्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/420